# हर घर तिरंगा अभियान से खादी को जन-जन तक पहुंचाना है : प्रवीर कुमार

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को श्रीगंगानगर रोड स्थित किसान भवन में खादी और ग्रामोद्योग आयोग बीकानेर के मण्डलीय कार्यालय में उप निदेशक प्रवीर कुमार की अध्यक्षता में जिले की खादी संस्थाओं एवं समितियों के पदाधिकारियों की मीटिंग आयोजित की गई।



खादी ग्रामोद्योग आयोग मण्डल कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उप निदेशक प्रवीर कुमार की अध्यक्षता में जिले की खादी संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आव्हान

सर्वप्रथम सहायक निदेशक द्वितीय (खादी) विरेन्द्र कुमार ने खादी संस्थाओं से आये प्रतिनिधियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस मौके पर उप निदेशक प्रवीर कुमार ने खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत खादी को बढ़ावा देते हुए हर घर तिरंगा अभियान से खादी को जन-जन तक पहुंचाना है। मीटिंग में लगभग 32 खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मीटिंग में एस.एस. कुम्बले, प्रदीप कुमार मीना, कैलाश नारायण मीना, श्रीकृष्ण व्यास, झंवरलाल पन्नू, आलम सिंह नेगी, सूरजरतन व्यास, गिरिधारी लाल कूकणा आदि उपस्थित थे। मीटिंग से पूर्व खादी और ग्रामोद्योग आयोग बीकानेर के मण्डलीय कार्यालय में उप निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर प्रवीर कुमार का खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रवीर कुमार ने गुरूवार को ही यहां खादी और ग्रामोद्योग आयोग बीकानेर के उप निदेशक का कार्यभार संभाला है।

**हर घर तिरंगा बाइक रैली 13 को :** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के पहले दिन 13 अगस्त को बाइक रैली का आयोजन किया जायेगा। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने इस संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर बाइक रैलीआयोजन के संबंध में चर्चा की।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि 13 अगस्त को शहर के 5 अलग-अलग स्थानों से प्रातः 7.30 बजे बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। इस दौरान लक्ष्मीनाथ मंदिर, ग्रामीण हॉट, बीएसएफ कैम्पस, आरएसी कैम्पस और एमएम ग्राउंड से 100-100 बाइकर्स रैली में भाग लेंगे। बाइकर्स शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए डॉ. करणी सिंह स्टेडियम पहुंचेंगे जहां राष्ट्रगान के साथ बाइक रैली का समापन होगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि रैली में उच्च शिक्षा और स्कूलों शिक्षा विभाग, पुलिस और बीएसएफ के जवान हिस्सा लेंगे। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में रैली की समस्त व्यवस्थाओं के लिए नगर विकास न्यास सचिव को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**तिरंगा अभियान में होंगे कई कार्यक्रम :** महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 7 अगस्त को ग्राम पंचायतों में कन्या वाटिका के तहत पौधारोपण किया जायेगा। इसी श्रृंखला में 8 अगस्त को स्कूल और कॉलेजों में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ शपथ, 9 को महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी आधारित कार्यक्रम, 10 को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जाजम बैठकें, 11 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर राखी महोत्सव, 12 अगस्त को इस थीम पर बीटीएफ बैठकें, 13 को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, 14 तिरंगा यात्रा रैली तथा 15 अगस्त को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

**निशुल्क तिरंगे झंडे बांटे :** झुंझुनूं जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चुणा चौक विकास समिति द्वारा शनिवार सुबह राणी सती रोड स्थित इंदिरा पार्क में योग करने वाले, पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वाले, समिति के सदस्य एवं आस पडौस के व्यापारी सहित क्षेत्र में रहने वालों को समिति के मुख्य संरक्षक किशोरीलाल तुलस्यान के सौजन्य से निशुल्क झंडे लकड़ी लगे हुए वितरित किये गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, संरक्षक किशोरीलाल तुलस्यान, कालूराम तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, अशोक तुलस्यान, शुभकरण चोपदार, रविशंकर पुरोहित, लक्ष्मीकांत, सुभाष पुरोहित, पूनम पुरोहित, विनोद पेंटर, नवलकिशोर खंडेलिया सहित समिति पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## तिरंगा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा बीकानेर शहर जिला अध्यक्ष वेद व्यास की अध्यक्षता में आजादी अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगे अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक हुई।

भाजपा जिला कार्यालय में हुई भाजयुमो जिला अध्यक्ष वेद व्यास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव 2 से 15 अगस्त तक अपनी सभी सोशल प्रोफाइल में तिरंगा लगाकर मनाने का हर देशवासियों से अपील की है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा फहराने की भी अपील की है। इस दौरान कार्यक्रम में ज्यादा प्रचार प्रसार एवं आमजन इस अमृत महोत्सव का हिस्सा बनें। इसके लिए जिला अध्यक्ष वेद व्यास ने बैठक में कहा कि बीकानेर शहर के सभी कॉलेजों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, खेल एकेडमी, इंस्टीट्यूट में सभी कार्यकर्ताओं से संपर्क करने को कहा ताकि इस अमृत महोत्सव में सभी का योगदान लेकर इसको भव्य बनाया जा सके।

साथ ही युवा मोर्चा द्वारा कि 75 किलोमीटर मोटरसाइकिल यात्रा की जायेगी जो देशनोक से रवाना होकर कोडमदेसर की ओर प्रस्थान करेगी। जिलाध्यक्ष व्यास ने बताया कि बीकानेर शहर में सामूहिक राष्ट्रगान में तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में महामंत्री सोहन सिंह परिहार, भाजपा नेता भवानी पाईवाल, उपाध्यक्ष कवि आचार्य, मंत्री गिरिराज खत्री, धीरज पंडित, गजेन्द्र सिंह, ऋषि पारीक, कोषासहध्यक्ष विकास तापडि़या, आईटी सेल संयोजक रोहिताश्व व्यास आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### छात्रों से मुखातिब हुए सेना के जवान



**बीकानेर,** (कासं)। आर एस वी स्कूल के विद्यार्थियों से आज भारतीय सेना के जवान मुखातिब हुए। कार्यक्रम में आर एस वी के सीनियर सैकण्डरी विंग के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अमृत महोत्सव का अर्थ समझाते हुए लेफ्टिनेंट विशाल गौरव ने वृत चित्र एवं विभिन्न उदाहरणों के द्वारा विद्यार्थियों को भारत की आजादी की संपूर्ण कहानी से अवगत करवाया। आजादी के बाद भारतीय सेना के शौर्य गाथाओं से भी विद्यार्थियों को रूबरू करवाया गया। पाकिस्तान विभाजन तथा बांग्लादेश का निर्माण, कारगिल का युद्ध विजय एवं चीन से युद्ध के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी गई। सेना में काम करते समय सैनिकों के रोमांच तथा उनकी वीर गाथाओं से भी बालक-बालिकाओं को परिचित करवाया गया। विद्यार्थियों द्वारा सेना से संबंधित पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का भी जवाब दिया गया तथा सेना में किस प्रकार से ऑफिसर के पद पर सलेक्शन हो सकता है इसकी जानकारी भी दी गई। सैनिक की ही तरह प्रत्येक विद्यार्थी को अनुशासित एवं देश के प्रति समर्पित होना चाहिए। इसी संदर्भ में सैनिकों द्वारा ली जाने वाली शपथ नाम, नमक और निशान से भी विद्यार्थियों को परिचित करवाया गया। लेफ्टिनेंट विशाल गौरव को विद्यालय की ओर से नीरज श्रीवास्तव एवं लोकेश शर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के वाहनों पर 7 दिवस के अंदर जीपीएस सिस्टम लगाने होंगे ताकि जिले भर में टीमों द्वारा किए गए भ्रमण व स्वास्थ्य जांच की पुख्ता मॉनिटरिंग जिला स्तर से हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन सभागार में अयोजित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालनार्थ एक भी आरबीएसके वाहन बिना जीपीएस नहीं चलना चाहिए। आरसीएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता द्वारा सभी 14 टीम को निर्देश दिए गए कि वे कार्यस्थल से प्रतिदिन फोटो जीपीएस लोकेशन के साथ डिस्ट्रिक्ट व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी टीमों के कार्य का आंकलन रैंकिंग अनुसार किया। डॉ विवेक गोस्वामी व अतिरिक्त जिला नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ मनु सिंह ने जीओआई सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग दी। डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ योगेंद्र तनेजा ने आरबीएसके टीमों को एनीमिया मुक्त राजस्थान एवं शक्ति दिवस में भागीदारी निभाने, डॉ लोकेश गुप्ता कुष्ठ रोगियों को चिन्हित करने तथा डीपीएम सुशील कुमार ने पुकार कार्यक्रम भागीदारी निभाने एवं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डॉ पंवार एवं डॉ राजेश गुप्ता ने आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों की अच्छी शल्य चिकित्सा करवाने हेतु डीईआईसी टीम एवं मैनेजर योगेश पवार एवं आरबीएसके टीम अर्बन के फार्मासिस्ट पवन सारस्वत के कार्य को सराहा एवं प्रोत्साहित किया

### चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**बीकानेर,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस श्रंखला में शनिवार को गंगा राजकीय संग्रहालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्टेपिंग स्टोन सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अनुष्का सोनी प्रथम, गुंजन बिस्सा द्वितीय तथा लक्षिता सोनी तीसरे स्थान पर रही। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार निम्हल, विनीता आचार्य, राखी मोहता, भंवर सिंह भाटी, मंजूर खान, भंवर सिंह चौहान नानूराम, गोविंद, छगन आदि कार्मिक उपस्थित थे।

### सुषमा बिस्सा का होगा स्वागत

**बीकानेर,** (कासं)। हिमालय परिवार के कार्यकारिणी के सदस्यों की मीटिंग सादुलगंज स्थित रजनी कालरा के कैफे में हुई। बैठक में हिमालय परिवार की अध्यक्षा व भाजपा की जिला उपाध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही सुषमा बिस्सा के बीकानेर आगमन पर जो लगभग 5 हजार किलोमीटर ट्रांस हिमालयन अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करते हुए 8 अगस्त की शाम को ट्रेन द्वारा बीकानेर पहुंचने पर भव्य स्वागत किये जाने का निर्णय लिया गया। रेलवे स्टेशन से एक भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा अम्बेडकर सर्किल, तुलसी सर्कल, पब्लिक पार्क, केईएम रोड होती हुई जवाहर नगर तक जायेगी। जिसमें लगभग डेढ़ सौ मोटरसाइकिल तिरंगा लगाए हुए यात्रा में शामिल होंगे। बैठक में नरेश अग्रवाल, अभय पारीक, आर. के. शर्मा, बिहारी लाल, महेश पारीक, सुरेश गुप्ता, मुहर सिंह वर्मा, गोविंद शर्मा, रोहिताश्व बिस्सा, सरस्वती शर्मा, डॉ. सुधा शर्मा, सुशीला अग्रवाल व मंजू बोथरा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अपहरण कर युवक की हत्या, लापरवाही पर थानेदार लाइन हाजिर

- अपहरण की सूचना के बाद भी पुलिस ने एक्शन नहीं लिया
- अंधेरे में हत्या कर शव थाने के पीछे फेंका

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के कालू गांव में जिस युवक की हत्या हुई थी, उसे पहले किडनेप किया गया। बाद में अंधेरा होने पर उसकी हत्या कर दी गई और शव को पुलिस थाने के पीछे फेंक दिया। अपहरण होने के साथ ही कालू पुलिस को घटनाक्रम के बारे में बताया गया लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई।

घटनाक्रम के बारे में आला अधिकारियों को पता चला तो कालू थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। गांव में चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर शनिवार को परिजनों को सौंप दिया गया। घटनाक्रम ये है कि कालू थाना से तीन किलोमीटर दूर लूणकरनसर सड़क पर गुरूवार शाम 7 बजे खेत जाते समय 30 वर्षीय कालू निवासी ओमप्रकाश ज्याणी का कार सवार चार जनों ने अपहरण कर लिया था। इस आशय की सूचना कालू थाने को मिल गई थी। मोटरसाइकिल भी बरामद की गई लेकिन ओमप्रकाश को ढूंढकर बचाने का प्रयास नहीं हुआ।

इस बीच किडनेपर ने उसकी निर्मम हत्या कर शव थाना के पास ही सहजरासर रोड पर घर के सामने फेंक दिया। हत्या के काफी देर बाद पुलिस को सूचना मिली तब तक हमलावर फरार हो गए। युवक की हत्या कर शव पुलिस थाना से 300 मीटर दूर सहजरासर रोड पर फेंका गया। शुक्रवार को सुबह महिलाओं ने सड़क पर आदमी का शव पड़ा देखा। यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी फिर भी देर से पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ओमप्रकाश के परिवार व कस्बे के लोग धरने पर बैठ गए।

जहां आर. एल. पी. के प्रदेश मंत्री विजयपाल बेनीवाल, डॉ. विवेक माचरा, दौलतराम डोगीवाल, बाबूलाल लेघा, पंचायत समिति सदस्य महिपाल सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच रामकुमार शर्मा, ओमप्रकाश गोदारा, राकेश मूंड भी धरने के समर्थन में बैठे। मृतक का शव देर शाम तक परिवार ने नहीं उठाया। पुलिस ने बताया कि हत्या में उपयोग होने की संभावना में पुलिस ने भादवां गांव से एक कार बरामद कर जब्त की है। पुलिस के अनुसार हत्या में चार-पांच लोग शामिल होने की संभावना है।

## तकनीकी खामी से बजा बैंक का सायरन

**नोखा,** (कासं)। नेशनल हाईवे पर बाबा छोटूनाथ स्कूल के सामने स्थित डीसीबी बैंक का सायरन अचानक बजने से पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। सुबह करीब 9 बजे तक सायरन बजने के बाद कर्मचारियों द्वारा कनेक्शन काट कर बंद किया गया।

रात से बारिश का दौर बना हुआ है हल्की बारिश भी हुई। इसी बीच तकनीकी खामी के कारण डीसीबी बैंक का सायरन बजने लगा। जिससे किसी अनहोनी की घटना होने की आशंका होने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर नोखा पुलिस के एएसआई शम्भूसिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया। बैंक के आगे किसी प्रकार के बैंक अधिकारियों के कॉन्टेक्ट नम्बर नहीं होने से काफी देर मशक्कत करनी पड़ी। 9 बजे बाद पहुंचे कर्मचारियों ने सायरन का कनेक्शन काटा। उसके बाद पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

- मारपीट व लूट की वारदात में काम में ली गई स्कार्पियो गाड़ी बरामद

**नोखा,** (कासं)। जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात करने के दौरान काम में ली गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 13 मार्च 2021 को मालाणी बास निवासी फूसाराम सारस्वत ने इस्तगासे से मुकदमा दर्ज करवाया था कि 08 मार्च 2021 को वह सीकर से नोखा आ रहा था। इस दौरान सोमलसर गोलाई तार फैक्ट्री के पास फोन आने पर गाड़ी साइड में लगाकर बात करने लगा। इस दौरान सफेद रंग की स्कॉर्पियो आकर उसके पास रूकी। जिसमें सवार से चार से पांच लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद सभी सोमलसर की तरफ भाग गए और जाते समय गले में सोने की चैन और जेब से रुपये छीनकर ले गए थे।

जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना स्तर पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी संसाधनों से वारदात का खुलासा किया। जिसमें कालानी नगर ढाड़िया जोधपुर निवासी सुनिल कुमार बिश्नोई, बजरंग बिश्नोई को जोधपुर से गिरफ्तार किया है और मारपीट की घटना में काम में ली स्कार्पियो गाड़ी को बरामद किया है। दोनों से नोखा पुलिस पुछताछ कर रही है। कार्रवाई में नोखा थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़, एएसआई सोभाग्य सिंह, हैड कानि खेताराम, कानि आत्माराम, विक्रमसिंह, कैलाश, गणेश गुर्जर, साईबर सेल बीकानेर के दीपक यादव, दिलीप सिंह शामिल थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में10 साल की सजा

- आरोपी ने फोन करके घर से बाहर बुलाया तथा जबरदस्ती बाइक पर बैठा अपने गांव संगरिया ले गया जहां दुष्कर्म किया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश मदन गोपाल आर्य ने एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी इकबाल सिंह को दोषी मानते हुए दस साल की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक विनोद डूडी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 12 अक्टूबर 2018 को खुंईया पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया था कि उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई है। पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि इकबाल सिंह ने उसे फोन करके घर से बाहर बुलाया तथा जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर अपने गांव संगरिया ले गया जहां उसके साथ चार-पांच दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी इकबाल सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी नुकेरा तहसील संगरिया के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था। कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए विभिन्न धाराओं में अधिकतम दस साल की सजा सुनाई है।

## भुवनेश्वर साध स्काउट संघ के सचिव बने

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड बीकानेर स्थानीय संघ में भुवनेश्वर साध सचिव मनोनीत किये गए हैं। शनिवार को त्यागी वाटिका स्थित स्थानीय संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में साध को सर्व सम्मति से सचिव मनोनीत किया गया।

साध राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जसोलाई में अध्यापक है। उप प्रधान के. सी. सुथार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लीडर प्रशिक्षक देवानंद पुरोहित, निवर्तमान सचिव घनश्याम स्वामी, चेयरमैन पी. के. मित्तल, कोषाध्यक्ष शांति प्रसाद बिस्सा, रेंजर लीडर सुश्री धनवंती बिश्नोई, पंकज भटनागर, भंवरलाल प्रजापत, भवानी शंकर, चंचल चौधरी, संतोष रंगा सहित स्काउटर मौजूद थे।

# मांगों पर काम शुरू, नोखा पालिकाध्यक्ष का अनशन खत्म

- प्रशासन व पालिका अध्यक्ष की सकारात्मक वार्ता हुई, 10 मांगों में से 9 पर काम शुरू

**नोखा,** (कासं)। नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर के नेतृत्व में नोखा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पिछले लम्बे समय से आ रही विद्युत समस्याओं लेकर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा आमरण अनशन समाप्त हो गया।

धरना स्थल पर तहसीलदार नरेन्द्र बापेड़िया, थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़, जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों ने उपस्थित होकर सहमति एवं कार्य क्रियान्वयन पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि धरना स्थल पर जाकर धरनारत अध्यक्ष झंवर से वार्ता कर उनके द्वारा की गई 10 मांगों में से 9 मांगों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। पत्र में बताया कि जिओ स्विच का कार्य आरंभ कर दिया गया है तथा 4 में जिओ स्विच लगा दिए गए है। पर्याप्त मात्रा में थ्री फेस मीटर उपलब्ध करवा दिए है। कृषि कनेक्शन जो 31 मार्च 2020 से लंबित है उनमें से 182 कृषि कनेक्शन को 31 अगस्त तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध कर दिए जायेंगे।

वार्ड वाइज समस्याओं का निगम की तरफ से सहायक अभियंता वितरण व सहायक राजस्व अधिकारी दीपक कुमार शर्मा तथा नगर पालिका द्वारा नामित वार्ड पार्षद कमेटी गठित कर दी गई है। जो प्रत्येक सप्ताह पर मंगलवार व बुधवार को बैठक कर वार्ड संबंधी सभी समस्याओं का निस्तारण करवा दिया जायेगा।

अधिकारियों को सौंप कर एक दर्जन समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठे थे। जिसके बाद जोधपुर विद्युत वितरण निगम हरकत में आया। जिसके बाद अधिकारियों ने पालिका नारायण झंवर व उनके समर्थकों ने वार्ता की। वार्ता के दौरान सवाईसिंह चरकड़ा, विकास मंच अध्यक्ष ललित झंवर, पूर्व पालिका अध्यक्ष सीताराम पंचारिया, बाबूलाल जैन, रामसिंह, घनश्याम बिश्नोई, मनोज डूडी, आशीष प्रताणी मौजूद थे।

# बीकानेर जिले में 'नो बैग डे' पर विद्यार्थियों ने जाना अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर

**बीकानेर,** (कासं)। 'नो बैग डे' के अवसर पर शनिवार को जिले के 2 हजार 564 स्कूलों में गुड टच-बैड टच और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम हुए।



बीकानेर में स्कूलों में 'नो बैग डे' पर विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच की जानकारी दी।

- जिले के एक हजार मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों को दोनों विषयों की जानकारी दी
- माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर भी जानकारी दी गई

जिले में इस दौरान 2 लाख 42 हजार से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी रही। इन विद्यार्थियों को दोनों विषयों से जुड़ी फिल्में दिखाई गई। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुए तथा अच्छे और बुरे स्पर्श में अंतर बताया गया।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की पहल पर जुलाई के पहले शनिवार से प्रारम्भ हुए अभियान के तहत लगातार छठे सप्ताह दोनों विषयों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। जिले के एक हजार मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों को दोनों विषयों की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 के बारे में बताया। अभियान के तहत शनिवार को जिले के 782 निजी स्कूलों के 1 लाख 2 हजार 784 तथा 1 हजार 782 सरकारी स्कूलों के 1 लाख 40 हजार 48 विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राजकुमार शर्मा ने बताया कि इनमें बीकानेर के 239 निजी और 252 सरकारी, खाजूवाला के 52 निजी और 296 सरकारी, श्रीकोलायत के 91 निजी और 481 सरकारी, लूणकरनसर के 77 निजी और 238 सरकारी, नोखा के 73 निजी और 92 सरकारी, पांचू के 59 निजी और 236 सरकारी एवं श्रीडूंगरगढ़ के 191 निजी एवं 187 सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुए।

# सीवरेज के रखरखाव संबंधी जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर क्षेत्र में संचालित सीवरेज जागरूकता अभियान के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग विकास समिति के कार्यालय में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एवं खादी आन्दोलन के हजारी देवड़ा थे तथा अध्यक्षता वयोवृद्ध समाजसेवी आदूराम भाटी ने की। प्रारंभ में एसओटी टीम के सुनील लुणू ने सीवरेज के रखरखाव संबंधी उपयोगी जानकारी देते हुए बताया कि सीवरेज ढक्कन को किसी भी स्थिति में खोलना नहीं चाहिए। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हजारी देवड़ा ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को विभागीय निर्देशानुसार सीवरेज के रखरखाव में सहयोग करना चाहिए तभी आने वाले समय में गंगाशहर क्षेत्र के नागरिकों को गंदगी और नालियों के ओवरफ्लो से निजात मिलेगी।



सीवरेज के रखरखाव जागरूकता कार्यशाला को पूर्व पार्षद हजारी देवडा ने संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदूराम भाटी ने कहा कि हमारे घरों में सीवरेज के रखरखाव संबंधी उपयोगी जानकारी वाले पोस्टर एवं पम्पलेट वितरण किये जाने चाहिए और यह जिम्मेदारी हमारी होनी चाहिए। कार्यशाला में शिक्षाविद ओमप्रकाश सारस्वत, सुरेन्द्र सिंघल, टीकूराम मेघवंशी, संजय, एडवोकेट भीखाराम मेघवाल, अशोक कुमार देवड़ा, सुनील कुमार, हरखचंद, भूराराम, धर्मचंद, नत्थूराम एवं रामेश्वर लाल ने विचार व्यक्त किए।